RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ipca | Foundation

ई- पाठशाला

कक्षा - 12th | राजनीतिक विज्ञान

समकालीन दक्षिण एशिया

IMPORTANT QUESTIONS

RAPID REVISION

LIVE | 09 OCT | 6:30 PM



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

SAFTA

द. एशिया मुक्त व्यापार समझौता

① → अधिक क्षेत्रीय विकास (T)

② → हस्ताक्षर → 2004

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. **साफ्टा** कब प्रभावी हुआ? (RBSE-2025)

अ	2006
ब	2007
स	2008
द	2009

1 Jan → प्रभावी

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

2. दक्षेस का पहला सम्मेलन कहाँ हुआ? (RBSE-2026)

अ नई दिल्ली

ब माले

स ढाका → Dec. 1982

द इस्लामाबाद



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. सात दलों का गठबंधन किस देश से संबंधित है?

(RBSE-2022)



अ नेपाल

ब बांग्लादेश

स श्रीलंका

द पाकिस्तान

4. नेपाल में राजतंत्र का अंत कब हुआ?

(RBSE-2024)



अ 2007

ब 2008

स 2009

द 2010

5. 'साफ्टा' संबंधित है— (Model Paper-2023)



अ सार्क

ब आसियान

स ओपेक

द यूनेस्को

6. दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा देश है—

(Model Paper-2024)

अ बांग्लादेश

ब नेपाल

स श्रीलंका


द भारत

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

7. गंगा नदी के पानी में हिस्सेदारी को लेकर भारत-बांग्लादेश के बीच कौन-सी संधि हुई?

(Model Paper-2025)



अ फरक्का — १९९६

ब नमामि गंगे

स सिंधु

द इनमें से कोई नहीं

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

8. ISI किस देश की खुफिया एजेंसी है?

(Model Paper-2026)



अ नेपाल

ब भूटान

स पाकिस्तान

द अफगानिस्तान

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

9. 1999 में पाकिस्तान में सत्ता पर किसने कब्जा किया?

अ जियाउल-हक

ब परवेज मुशर्रफ़

स अयूब खान

द याहिया खान

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


10. बांग्लादेश किस अवधि तक पाकिस्तान का अंग था?

अ 1947–1965

ब 1947–1971

स 1950–1975

द 1948–1972



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

11. नेपाल में देशव्यापी लोकतंत्र-समर्थक प्रदर्शन कब हुए?

अ अप्रैल 2002

ब अप्रैल 2006


स मई 2008

द जून 2015

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

12. LTTE ने श्रीलंकाई सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष कब से किया?



अ 1971

ब 1975

स 1983

द 1989

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


13. LTTE को कब समाप्त कर दिया गया?

अ 2005

ब 2007

स 2008

द 2009



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

14. भारत और पाकिस्तान ने सिंधु-जल संधि कब की?

अ 1948

ब 1960

स 1965

द 1972

15. भारत ने 1998 में परमाणु परीक्षण कहाँ किए?

अ चगाई

ब पोखरण


स सरक्रीक

द सियाचिन




रिक्त स्थान

1. श्रीलंका की राजनीति में ____ समुदाय का प्रभाव रहा है।
(RBSE-2023)



2. वर्ष 2007 में _____ दक्षेस का सदस्य बना।

(Model Paper-2025)



3. 18वाँ दक्षेस सम्मेलन ____, नेपाल में हुआ।

(Model Paper-2025)

काठमांडू



4. सप्तदलीय गठबंधन का संबंध _____ से है।

(Model Paper-2024)



5. 1998 में पाकिस्तान ने _____ पहाड़ी पर परमाणु परीक्षण किया। (Model Paper-2026)



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

6. दक्षिण एशिया के उत्तर में विशाल _____ पर्वत-श्रृंखला स्थित है।




7. बांग्लादेश ने अपने संविधान में स्वयं को धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक तथा " देश घोषित किया।

समाजवादी

IMP.



8. 1983 के बाद उग्र तमिल संगठन _____ ने सशस्त्र संघर्ष किया।



9. जून-जुलाई 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच ____ युद्ध हुआ।



अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. दक्षेस का पूरा नाम लिखिए।

(RBSE-2025)


उत्तर- साउथ एशियन एसोशिएशन फॉर रिजनल कोऑपरेशन (SAARC/दक्षेस)।

2. दक्षिण एशिया में सम्मिलित किन्हीं चार देशों के नाम लिखिए। (RBSE-2026)

उत्तर- भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल।

3. भारत-बांग्लादेश ने गंगा नदी के पानी में हिस्सेदारी के लिए कौन-सी संधि की?


(RBSE-2022)



उत्तर: फरक्का संधि।

4. भारत के नागरिक किस पड़ोसी देश में बिना पासपोर्ट और वीजा के जा सकते हैं?

(RBSE 2025)





उत्तर: नेपाल।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

5. शिमला समझौता कब और किनके बीच हुआ?

(RBSE-2026)



उत्तर: जुलाई 1972 में भारत और पाकिस्तान के बीच।

6. LTTE का पूरा नाम लिखिए।

(Model Paper-2024)

उत्तर: लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

7. स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण किस वर्ष हुआ?

उत्तर: 1971 में।



8. 2006 के आंदोलन के बाद संसद किस राजा ने बहाल की?



उत्तर: राजा ज्ञानेन्द्र।

9. दक्षिण एशिया में सबसे पहले अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किस देश ने किया?



उत्तर: श्रीलंका।

10. दक्षिण एशिया की राजनीति में दो प्रमुख बाहरी शक्तियाँ कौन-सी हैं?



उत्तर: चीन और संयुक्त राज्य अमरीका।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. श्रीलंका में LTTE की प्रमुख माँग क्या थी? (RBSE-2022)

उत्तर —

1. **अलग राष्ट्र** — लिट्टे श्रीलंका के तमिलों के लिए अलग देश चाहता था।
2. **तमिल ईलम** — इस अलग राष्ट्र को **'तमिल ईलम'** कहा गया।
3. **क्षेत्रीय माँग** — श्रीलंका के एक क्षेत्र को अलग राष्ट्र बनाने की माँग थी।
4. **सशस्त्र संघर्ष** — लिट्टे ने इस माँग के लिए श्रीलंकाई सेना से सशस्त्र संघर्ष किया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. 'भारत और नेपाल' के बीच सम्बन्धों पर टिप्पणी लिखिए।

(Model Paper-2025, RBSE-2026)

उत्तर —

1. मधुर संबंध — दोनों देशों के संबंध मधुर और विशेष हैं।
2. मुक्त आवागमन — नागरिक बिना पासपोर्ट और वीजा के एक-दूसरे के देश में आ-जा सकते हैं।
3. व्यापार एवं विज्ञान — व्यापार तथा वैज्ञानिक सहयोग में दोनों देश साथ हैं।
4. बिजली एवं जल प्रबंधन — बिजली उत्पादन और जल प्रबंधन में सहयोग है।
5. संबंधों की मजबूती — मतभेदों के बावजूद संबंध मजबूत और शांतिपूर्ण हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

IMP.

3. भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के दो कारण बताइए। (RBSE-2022)

उत्तर —

1. कश्मीर विवाद — कश्मीर मसला दोनों देशों के बीच प्रमुख तनाव का कारण है।
2. सामरिक मतभेद — सियाचिन ग्लेशियर और अन्य सामरिक मुद्दों पर मतभेद हैं।
3. नदी-जल एवं सीमा विवाद — नदी-जल तथा सरक्रीक की सीमारेखा पर विवाद हैं।
4. हथियारों की होड़ — दोनों देशों के बीच हथियारों की प्रतिस्पर्धा ने भी तनाव बढ़ाया है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. 'भारत व पाकिस्तान के मध्य विवाद का मुख्य कारण पाक द्वारा आतंकवाद को प्रोत्साहन देना है।' इसके कोई दो उदाहरण दीजिए।

(RBSE-2023)

उत्तर —

1. कश्मीरी उग्रवादियों को हथियार — भारत सरकार का आरोप है कि पाकिस्तान कश्मीरी उग्रवादियों को हथियार देता है।
2. प्रशिक्षण एवं धन — पाकिस्तान पर उग्रवादियों को प्रशिक्षण और धन उपलब्ध कराने का आरोप है।
3. आतंकवादी हमले — पाकिस्तान पर भारत में हमलों के लिए उग्रवादियों को सुरक्षा देने का आरोप है।

4. आईएसआई की गतिविधियाँ — आईएसआई पर बांग्लादेश और नेपाल के गुप्त ठिकानों से भारत-विरोधी अभियानों में संलग्न होने का आरोप है।



5. भारत-मालदीव संबंधों पर टिप्पणी लिखिए। (RBSE-2025)

उत्तर —

1. सौहार्दपूर्ण संबंध — भारत-मालदीव संबंध सौहार्दपूर्ण और गर्मजोशी से भरे हैं।
2. 1988 की घटना — मालदीव ने भारत से सैन्य सहायता माँगी।
3. भारतीय सैन्य सहयोग — भारतीय वायुसेना और नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की।
4. आर्थिक विकास — भारत ने मालदीव के आर्थिक विकास में सहायता की।
5. पर्यटन एवं मत्स्य उद्योग — इन क्षेत्रों में भी भारत ने सहयोग दिया।

6. भारत-बांग्लादेश के बीच विवाद के मुद्दे बताइए। (RBSE-2026)

उत्तर —

1. नदी-जल विवाद — गंगा और ब्रह्मपुत्र के नदी-जल की हिस्सेदारी पर मतभेद हैं।
2. अवैध आप्रवास — भारत में अवैध आप्रवास को लेकर विवाद है।
3. सुरक्षा संबंधी आरोप — भारत-विरोधी जमातों को समर्थन देने के आरोप हैं।
4. व्यापार एवं प्राकृतिक गैस — इनसे संबंधित मतभेद रहे हैं।
5. हस्तक्षेप संबंधी आरोप — दोनों पक्ष एक-दूसरे पर विभिन्न आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के आरोप लगाते रहे हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

7. पाकिस्तान के लोकतंत्रीकरण में कठिनाइयाँ बताइए।

(Model Paper-2024)


उत्तर —

1. सेना का प्रभाव — सेना का राजनीतिक जीवन में मजबूत प्रभाव है।
2. सामाजिक दबदबा — धर्मगुरु और भूस्वामी अभिजनों का सामाजिक दबदबा है।
3. सैनिक हस्तक्षेप — कई बार निर्वाचित सरकारों को हटाकर सैनिक शासन स्थापित हुआ।
4. भारत-पाक तनाव — भारत के साथ तनातनी के कारण सेना-समर्थक समूह मजबूत हुए।

5. अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का अभाव — लोकतांत्रिक शासन के लिए पर्याप्त अंतर्राष्ट्रीय समर्थन नहीं मिला।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN



missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

8. भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद के दो मुद्दे बताइए।

(Model Paper-2023)

उत्तर —

1. कश्मीर विवाद — कश्मीर का मसला दोनों देशों के बीच प्रमुख विवाद है।
2. सियाचिन ग्लेशियर — इस पर नियंत्रण को लेकर सामरिक तनातनी रही है।
3. नदी-जल विवाद — नदी-जल के इस्तेमाल और बँटवारे को लेकर मतभेद रहे हैं।
4. सरक्रीक विवाद — सरक्रीक की सीमारेखा को लेकर भी विवाद है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

9. भारत-भूटान सहयोग के दो क्षेत्र बताइए। (Model Paper-2023)

उत्तर—

1. पनबिजली सहयोग — भारत भूटान की पनबिजली परियोजनाओं में सहयोग करता है।
2. विकास सहायता — भूटान के विकास कार्यों के लिए भारत से बड़ा अनुदान मिलता है।
3. सुरक्षा सहयोग — भूटान ने पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को अपने क्षेत्र से खदेड़ा।
4. भारत को सहायता — इस कदम से भारत की सुरक्षा को सहायता मिली।

10. बांग्लादेश के निर्माण में भारत की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—

1. शरणार्थियों का आगमन — पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में लोग भारत आए।
2. शरणार्थी समस्या — भारत के सामने शरणार्थियों को संभालने की समस्या आई।
3. स्वतंत्रता का समर्थन — भारत ने पूर्वी पाकिस्तान की आजादी की माँग का समर्थन किया।
4. वित्तीय एवं सैन्य सहायता — भारत ने पूर्वी पाकिस्तान के लोगों को सहायता प्रदान की।

5. स्वतंत्र बांग्लादेश — 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

1. श्रीलंका में जातीय संघर्ष पर टिप्पणी लिखिए। (RBSE-2024)

उत्तर—

भूमिका: श्रीलंका में स्वतंत्रता के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रही, लेकिन बहुसंख्यक सिंहली समुदाय और तमिल आबादी के बीच जातीय संघर्ष एक बड़ी चुनौती बना।

मुख्य बिंदु:

1. **सिंहली प्रभुत्व** — श्रीलंका की राजनीति में बहुसंख्यक सिंहली समुदाय का दबदबा रहा।
2. **तमिलों की उपेक्षा** — तमिल आबादी के प्रति उपेक्षापूर्ण व्यवहार से असंतोष बढ़ा।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



3. **तमिल ईलम की माँग** — उग्र तमिल राष्ट्रवाद ने अलग राष्ट्र की माँग की।
4. **लिट्टे का सशस्त्र संघर्ष** — 1983 के बाद लिट्टे और श्रीलंकाई सेना के बीच संघर्ष हुआ।
5. **भारत का हस्तक्षेप** — 1987 में भारत तमिल मसले में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुआ।
6. **भारतीय शांति सेना** — बाद में लिट्टे के साथ संघर्ष में फँस गई।
7. **संघर्ष की समाप्ति** — 2009 में लिट्टे के समाप्त होने के साथ सशस्त्र संघर्ष खत्म हुआ।

निष्कर्ष: श्रीलंका में लंबे जातीय संघर्ष के बावजूद लोकतांत्रिक राजव्यवस्था कायम रही।

2. भारत-पाकिस्तान के मध्य तीन प्रमुख विवाद लिखिए। (RBSE-2024)

उत्तर—

भूमिका: भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर, सामरिक नियंत्रण, हथियारों की होड़, सुरक्षा तथा नदी-जल संबंधी कई विवाद रहे हैं।

मुख्य बिंदु:

1. कश्मीर विवाद — सबसे प्रमुख विवाद कश्मीर का मसला है।
2. सियाचिन ग्लेशियर — इस पर नियंत्रण को लेकर सामरिक मतभेद हैं।
3. हथियारों की होड़ — दोनों देशों के बीच हथियारों की होड़ और परमाणु प्रतिस्पर्धा रही।

4. उग्रवादी गतिविधियों के आरोप — एक-दूसरे पर हिंसा और उग्रवादी गतिविधियों को समर्थन देने के आरोप हैं।
5. सिंधु नदी-जल विवाद — जल के उपयोग और बँटवारे पर मतभेद रहे।
6. सरक्रीक सीमा विवाद — सरक्रीक की सीमारेखा को लेकर विवाद है।
7. वार्ता के प्रयास — विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच वार्ताएँ चलती रही हैं।

निष्कर्ष: भारत-पाकिस्तान संबंधों में कश्मीर, सामरिक मुद्दे और नदी-जल विवाद प्रमुख तनाव के कारण रहे हैं।

3. दक्षिण एशिया में शांति और सहयोग के संदर्भ में भारत-पाक संबंधों का महत्त्व बताइए। (Model Paper-2026)

उत्तर—

भूमिका: भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर, सामरिक नियंत्रण, हथियारों की होड़, सुरक्षा तथा नदी-जल संबंधी कई विवाद रहे हैं।

मुख्य बिंदु:

1. कश्मीर विवाद — सबसे प्रमुख विवाद कश्मीर का मसला है।
2. सियाचिन ग्लेशियर — इस पर नियंत्रण को लेकर सामरिक मतभेद हैं।
3. हथियारों की होड़ — दोनों देशों के बीच हथियारों की होड़ और परमाणु प्रतिस्पर्धा रही।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र बनने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

उत्तर—

भूमिका: 1947 से 1971 तक बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान के रूप में पाकिस्तान का अंग था। पश्चिमी पाकिस्तान के प्रभुत्व के विरुद्ध संघर्ष के परिणामस्वरूप यह स्वतंत्र राष्ट्र बना।

मुख्य बिंदु:

1. पूर्वी पाकिस्तान का गठन — 1947 से 1971 तक बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान के रूप में पाकिस्तान का अंग था।
2. भाषाई एवं राजनीतिक असंतोष — पश्चिमी पाकिस्तान के दबदबे तथा उर्दू थोपे जाने का विरोध हुआ।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. स्वायत्तता आंदोलन — शेख मुजीबुर्रहमान ने स्वायत्तता की माँग का नेतृत्व किया।
4. 1970 के चुनाव — अवामी लीग को पूर्वी पाकिस्तान की सभी सीटों पर विजय मिली।
5. संविधान सभा विवाद — सरकार ने संविधान सभा को बुलाने से इंकार किया और शेख मुजीब को गिरफ्तार किया।
6. सैनिक दमन एवं पलायन — पाकिस्तानी सेना द्वारा आंदोलन दबाने के कारण बड़ी संख्या में लोग भारत आए।
7. 1971 का युद्ध — भारत-पाक युद्ध के बाद स्वतंत्र बांग्लादेश अस्तित्व में आया।

निष्कर्ष: पश्चिमी पाकिस्तान के प्रभुत्व के विरुद्ध जन-संघर्ष और 1971 के युद्ध के परिणामस्वरूप स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

5. नेपाल में राजा, माओवादी और लोकतंत्र-समर्थकों के त्रिकोणीय संघर्ष को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—

भूमिका: नेपाल में राजतंत्र, माओवादी विद्रोह और लोकतंत्र की माँग के कारण राजनीतिक संघर्ष की स्थिति बनी। इस संघर्ष में तीन प्रमुख पक्ष सक्रिय थे।

मुख्य बिंदु:

1. माओवादी प्रभाव — 1990 के दशक में माओवादियों का प्रभाव बढ़ा।
2. राजतंत्र का विरोध — माओवादी राजा और सत्ताधारी अभिजन के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह चाहते थे।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. हिंसक संघर्ष — राजा की सेना और माओवादी गुरिल्लों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ।
4. लोकतंत्र-समर्थक दल — राजनीतिक दल लोकतंत्र की बहाली चाहते थे।
5. त्रिकोणीय संघर्ष — कुछ समय तक राजा की सेना, लोकतंत्र-समर्थकों और माओवादियों के बीच संघर्ष रहा।
6. 2006 का संयुक्त आंदोलन — लोकतंत्र-समर्थक शक्तियाँ संयुक्त आंदोलन में सामने आईं।
7. सशस्त्र संघर्ष का त्याग — आगे माओवादियों ने सशस्त्र संघर्ष छोड़ने की बात स्वीकार की।

निष्कर्ष: नेपाल में तीनों पक्षों के संघर्ष और लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन के परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक परिवर्तन की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

निबंधात्मक प्रश्न

1. पाकिस्तान में सेना और लोकतंत्र के संबंधों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

उत्तर—

भूमिका / परिचय

पाकिस्तान में सेना और लोकतंत्र के संबंध संघर्षपूर्ण रहे हैं। यहाँ कई बार निर्वाचित सरकारों को हटाकर सैनिक शासन कायम किया गया, लेकिन लोकतंत्र-समर्थक शक्तियाँ सक्रिय रहीं।

1. जनरल अयूब खान का शासन
   - पहला संविधान — पाकिस्तान में पहले संविधान के बनने के बाद सेना का प्रभाव बढ़ा।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- अयूब खान — उन्होंने शासन की बागडोर अपने हाथों में ली।
- जन-विरोध — जनता के विरोध के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा।

2. जनरल याहिया खान का सैनिक शासन
   - सत्ता परिवर्तन — अयूब खान के बाद याहिया खान ने शासन संभाला।
   - बांग्लादेश संकट — उनके सैनिक शासन में पाकिस्तान को बांग्लादेश संकट का सामना करना पड़ा।
   - 1971 का युद्ध — युद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना।
3. जुल्फिकार अली भुट्टो की निर्वाचित सरकार
   - लोकतांत्रिक सरकार — 1971 के बाद निर्वाचित भुट्टो सरकार बनी।
   - कार्यकाल — सरकार 1971 से 1977 तक कायम रही।

4. जियाउल-हक का सैनिक शासन
   • 1977 — जनरल जियाउल-हक ने भुट्टो सरकार को गिराया।
   • लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन — 1982 के बाद उनके शासन के विरुद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन हुआ।
5. लोकतंत्र की पुनर्स्थापना
   • 1988 — बेनज़ीर भुट्टो के नेतृत्व में लोकतंत्र लौटा।
   • राजनीतिक प्रतिस्पर्धा — पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और मुस्लिम लीग के बीच प्रतिस्पर्धा रही।

6. परवेज मुशर्रफ़ का सैनिक हस्तक्षेप
   • 1999 — परवेज मुशर्रफ़ ने प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ को हटा दिया।
   • 2001 — मुशर्रफ़ ने राष्ट्रपति के रूप में अपना निर्वाचन कराया।
7. लोकतांत्रिक आकांक्षा
   • लोकतंत्र-समर्थक शक्तियाँ — सैनिक शासन के बावजूद सक्रिय बनी रहीं।
   • 2008 — लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित नेताओं का शासन स्थापित हुआ।

निष्कर्ष

पाकिस्तान में सेना का राजनीतिक प्रभाव मजबूत रहा है, लेकिन लोकतंत्र की आकांक्षा और लोकतांत्रिक शासन की माँग लगातार बनी रही है।

2. बांग्लादेश में लोकतंत्र के विकास की ऐतिहासिक प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

उत्तर—

भूमिका / परिचय

बांग्लादेश में लोकतंत्र का विकास राजनीतिक संघर्ष, स्वायत्तता आंदोलन और सैनिक शासन के विरोध से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद भी देश में लोकतांत्रिक और सैनिक शासन के दौर आए।

1. पूर्वी पाकिस्तान की स्थिति (1947–1971)
   - पूर्वी पाकिस्तान — 1947 से 1971 तक बांग्लादेश पाकिस्तान का अंग था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- राजनीतिक प्रभुत्व — पश्चिमी पाकिस्तान का राजनीतिक दबदबा था।
- भाषाई असंतोष — उर्दू भाषा थोपे जाने का विरोध हुआ।

2. स्वायत्तता आंदोलन
   - शेख मुजीबुर्रहमान — उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया।
   - स्वायत्तता — पूर्वी पाकिस्तान के लिए स्वायत्तता की माँग उठाई गई।
3. 1970 के चुनाव और राजनीतिक संकट
   - अवामी लीग — चुनाव में निर्णायक सफलता मिली।
   - बहुमत — प्रस्तावित संविधान सभा में बहुमत प्राप्त हुआ।
   - संकट — संविधान सभा न बुलाने और सैनिक दमन से संकट बढ़ा।

4. बांग्लादेश की स्वतंत्रता
   - 1971 का युद्ध — भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ।
   - स्वतंत्र राष्ट्र — युद्ध के बाद स्वतंत्र बांग्लादेश बना।
5. स्वतंत्रता के बाद संवैधानिक परिवर्तन
   - लोकतांत्रिक संविधान — बांग्लादेश ने धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और समाजवादी संविधान अपनाया।
   - 1975 — अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली अपनाई गई।
6. सैनिक शासन का दौर
   - जियाउर्रहमान — बांग्लादेश नेशनल पार्टी का गठन किया और 1979 में चुनाव जीता।
   - एच.एम. इरशाद — उनके नेतृत्व में भी सैनिक शासन रहा।

7. लोकतंत्र की पुनर्स्थापना

- लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन — जनता और छात्रों ने आंदोलन किया।
- 1990 — इरशाद को राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा।
- 1991 — बहुदलीय चुनावों पर आधारित प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र कायम हुआ।

निष्कर्ष

बांग्लादेश में स्वायत्तता संघर्ष, स्वतंत्रता और लोकतंत्र-समर्थक आंदोलनों के बाद प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र की स्थापना हुई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना के लिए हुए संघर्ष का विस्तृत वर्णन कीजिए।

उत्तर—

भूमिका / परिचय

नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना लंबे राजनीतिक संघर्ष का परिणाम है। यहाँ राजतंत्र, लोकतंत्र-समर्थक आंदोलनों और माओवादी विद्रोह ने राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया।

1. राजतंत्र की पृष्ठभूमि
   - हिन्दू-राज्य — नेपाल अतीत में हिन्दू-राज्य था।
   - संवैधानिक राजतंत्र — आधुनिक काल में कई वर्षों तक संवैधानिक राजतंत्र रहा।

2. लोकतंत्र की माँग
   - राजनीतिक दल — अधिक खुले शासन की माँग करते रहे।
   - आम जनता — उत्तरदायी शासन चाहती थी।
   - राजा का नियंत्रण — राजा ने सेना की सहायता से शासन पर नियंत्रण स्थापित किया।
3. 1990 का लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन
   - जन-आंदोलन — मजबूत लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन हुआ।
   - लोकतांत्रिक संविधान — राजा ने नए संविधान की माँग स्वीकार की।
   - राजनीतिक अस्थिरता — लोकतांत्रिक सरकारें कमजोर और अल्पकालिक रहीं।

4. माओवादी विद्रोह
   - माओवादी प्रभाव — 1990 के दशक में बढ़ा।
   - सशस्त्र संघर्ष — राजा की सेना और माओवादी गुरिल्लों के बीच संघर्ष हुआ।
5. 2002 का राजनीतिक संकट
   - संसद का विघटन — राजा ने संसद भंग कर दी।
   - लोकतंत्र पर प्रभाव — लोकतंत्र समाप्तप्राय हो गया।
6. 2006 का लोकतांत्रिक आंदोलन
   - व्यापक प्रदर्शन — लोकतंत्र की बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन हुआ।
   - अहिंसक प्रतिरोध — आंदोलन मोटे तौर पर अहिंसक रहा।
   - संसद की बहाली — राजा ज्ञानेन्द्र को संसद बहाल करनी पड़ी।

7. लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना

- 2008 — राजतंत्र समाप्त हुआ और नेपाल लोकतांत्रिक गणराज्य बना।
- 2015 — नया संविधान अपनाया गया।

निष्कर्ष

नेपाल में जनता, राजनीतिक दलों और माओवादी समूहों के संघर्ष के परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना हुई।

4. श्रीलंका के जातीय संघर्ष के संदर्भ में भारत की नीति का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर—

भूमिका / परिचय

श्रीलंका के जातीय संघर्ष का संबंध तमिल आबादी के अधिकारों और अलग राष्ट्र की माँग से था। भारत की तमिल जनता के दबाव के कारण भारत सरकार भी इस मसले से जुड़ी।

1. भारत की तमिल जनता की भूमिका
   - तमिल हितों की रक्षा — भारत की तमिल जनता ने श्रीलंकाई तमिलों के हितों की रक्षा के लिए दबाव बनाया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

• भारत सरकार की भूमिका — भारत ने समय-समय पर श्रीलंका सरकार से बातचीत की।

2. 1987 का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप
   • प्रत्यक्ष सहभागिता — 1987 में भारत श्रीलंका के तमिल मसले में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुआ।
   • भारत-श्रीलंका समझौता — दोनों देशों के बीच समझौता हुआ।
3. भारतीय शांति सेना की तैनाती
   • भारतीय सेना — समझौते के बाद श्रीलंका भेजी गई।
   • प्रमुख उद्देश्य — श्रीलंका सरकार और तमिलों के संबंध सामान्य करना।

4. लिट्टे के साथ संघर्ष
   • सैनिक संघर्ष — भारतीय सेना लिट्टे से संघर्ष में उलझ गई।
   • श्रीलंकाई जनता का विरोध — भारतीय सेना की उपस्थिति को अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप माना गया।
5. शांति सेना की वापसी
   • 1989 — भारत ने शांति सेना वापस बुला ली।
   • अधूरा लक्ष्य — सेना निर्धारित उद्देश्य प्राप्त नहीं कर सकी।
6. असंलग्नता की नीति
   - हस्तक्षेप के बाद — भारत ने श्रीलंका के अंदरूनी मामलों में असंलग्नता की नीति अपनाई।

निष्कर्ष

श्रीलंका के जातीय संघर्ष में भारत ने पहले प्रत्यक्ष हस्तक्षेप किया, लेकिन बाद में उसके अंदरूनी मामलों में असंलग्नता की नीति अपनाई।

5. भारत और उसके अन्य दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के संबंधों का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर—

भूमिका / परिचय

भारत दक्षिण एशिया का एक बड़ा और शक्तिशाली देश है। इसका भूगोल और क्षेत्रीय स्थिति पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को प्रभावित करती है। भारत के पड़ोसी देशों के साथ सहयोग और मतभेद दोनों रहे हैं।

1. भारत-बांग्लादेश संबंध
   - मतभेद — नदी-जल, आप्रवास और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर मतभेद रहे हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

• आर्थिक सहयोग — दोनों देशों के आर्थिक संबंध बेहतर हुए हैं।

• पर्यावरण एवं आपदा-प्रबंधन — इन क्षेत्रों में सहयोग हुआ है।

2. भारत-नेपाल संबंध

• विशेष संबंध — दोनों देशों के बीच मधुर और विशेष संबंध हैं।

• मुक्त आवागमन — नागरिक बिना पासपोर्ट और वीजा के आ-जा सकते हैं।

• आर्थिक सहयोग — व्यापार, जल और बिजली उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग है।

• राजनीतिक मतभेद — दोनों देशों के बीच कुछ राजनीतिक मतभेद भी रहे हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. भारत-भूटान संबंध
   • मधुर संबंध — भूटान के साथ भारत के संबंध बहुत अच्छे हैं।
   • पानी बिजली सहयोग — भारत पनबिजली परियोजनाओं में सहायता करता है।
   • विकास सहायता — भूटान के विकास कार्यों के लिए भारत से अनुदान मिलता है।
4. भारत-मालदीव संबंध
   • सौहार्दपूर्ण संबंध — भारत-मालदीव के संबंध गर्मजोशी से भरे हैं।
   • सैन्य सहायता — 1988 में भारत ने मालदीव की सहायता की।
   • आर्थिक सहयोग — पर्यटन, मत्स्य उद्योग और आर्थिक विकास में सहयोग किया।

5. भारत-श्रीलंका संबंध
   • तमिल मुद्दा — श्रीलंका के तमिल मसले पर दोनों देशों में तनाव रहा।
   • मुक्त व्यापार समझौता — इस समझौते से द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए।
   • पुनर्निर्माण सहायता — सुनामी के बाद भारत ने श्रीलंका को सहायता दी।
6. छोटे पड़ोसी देशों की आशंकाएँ
   • भारत का आकार — भारत बड़ा और अपेक्षाकृत शक्तिशाली देश है।
   • क्षेत्रीय दबदबे की आशंका — छोटे देश कभी-कभी भारत के इरादों पर संदेह करते हैं।
   • आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप — कुछ देश भारत पर हस्तक्षेप का आरोप लगाते हैं।

7. क्षेत्रीय सहयोग का महत्त्व
   - आपसी सहयोग — मतभेदों के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग जारी है।
   - क्षेत्रीय स्थिरता — भारत अपने पड़ोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता नहीं चाहता।

निष्कर्ष

भारत और उसके दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के संबंधों में राजनीतिक मतभेदों के साथ आर्थिक, सामाजिक, सुरक्षा और विकास संबंधी सहयोग भी मौजूद है।